रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2907] नई दिल्ली, शुक्रवार, दिसम्बर 9, 2016/अग्रहायण 18, 1938
No. 2907] NEW DELHI, FRIDAY DECEMBER 9, 2016/AGRAHAYANA 18, 1938

indiacode

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर, 2016

का.आ. 3996(अ).—भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. 1558(अ) तारीख 12 जून, 2015, उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना अंतर्विष्ट है, उपलब्ध करा दी गई थी, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेप और सुझाव आमंत्रित करते हुए एक प्रारुप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी;

और उक्त राजपत्र, जिसमें उक्त अधिसूचना अंतर्विष्ट है, की प्रतियां जनता को 12 जून, 2015 को उपलब्ध करा दी गई थीं ;

और, उक्त प्रारुप अधिसूचना के उत्तर में सभी व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा सम्यक् रुप से विचार किया गया;

और, गौटाला अत्रम वन्यजीव अभयारण्य 20^0 14' 00" से 20^0 27' 29.787" उत्तर अक्षांश और 74^0 53' 30.782" से 75^0 16' 40" पूर्व देशांतर के बीच महाराष्ट्र के औरंगाबाद और जलगॉव जिलों में स्थित है और 260.61 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है;

और, गौटाला अत्रम वन्यजीव अभयारण्य महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद और नासिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संरक्षण एकक है और 30 से अधिक स्तनपायी प्रजातियों जिसके अंतर्गत अनुसूची एक प्रजातियाँ जैसे भेडिया *(कैनिस लुपुस पैल्लिपेस)*, तेंदुआ *(पेंथेरा पार्डस)*, रीछ *(मेलुरसस अरसिनस)*, काला हिरण *(एन्टिलोप करविकापरा)*, चौसिंगा मृग *(टेटरासेरस क्वोडरिकॉरनिस)*, प्रवासी प्रास्थिति की 20 प्रजातियों सहित पक्षियों की 210 से अधिक प्रजातियां और विभिन्न प्रकार के सरिसृपों, उभयचरों, मछलियों आदि का आश्रय स्थान है;

और, गौटाला अत्रम वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को परिरक्षण और संरक्षण करना आवश्यक है तथा जिसकी सीमाओं को इस अधिसूचना के पैरा 1 में पारिस्थितिक संवेदी जोन के रुप में विनिर्दिष्ट किया गया है और पर्यावरण की दृष्टि से उद्योगों या उद्योगों के वर्ग को तथा उनकी संक्रियाओं और प्रक्रियाओं को उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) के साथ पठित और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महाराष्ट्र राज्य में गौटाला अत्रम घाट वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को गौटाला अत्रम घाट वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1. **पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं.**—(1) पारिस्थितिक संवेदी जोन 483.45 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में गौटाला अत्रम वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर तक के क्षेत्र में फैला हुआ है और ऐसे जोन की सीमा का वर्णन **उपाबंध–I** में दिया गया है ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन महाराष्ट्र में औरंगाबाद और जलगॉव जिलो के 70 ग्रामों में फैला हुआ है ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध-II** के रुप में उपाबद्ध है ।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र अक्षांश और देशान्तर के साथ **उपाबंध-III** के रुप में उपाबद्ध है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना.—(1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकीय संवेदी जोन के प्रभावी प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, आंचलिक महायोजना ऐसी रीति में तैयार की जाए जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है और केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार की विधियों तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांत के भी अनुरूप हैं ।

(2) आंचलिक महायोजना अधिसूचना में विनिर्दिष्ट तैयार शर्त के अनुरूप होगा जिसमें पर्यावरणीय प्रभाव शामिल है।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप में ऐसी रीति में राज्य सरकार तथा सुसंगत केन्द्रीय और राज्य विधियों के अनुरूप भी तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश का सिद्धांत, यदि कोई हों, द्वारा तैयार की जाएगी ।

(4) आचंलिक महायोजना सभी संबंधित राज्य विभागों के साथ परामर्श से पर्यावरणीय और पारिस्थितिक विचारणों को उनमें एकीकृत करने के लिए तैयार की जाएगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन और वन्यजीव ;

(iii) कृषि;

(iv) राजस्व;

(v) नगर विकास;

(vi) पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिका;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग ।

(5) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट न हों और आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचना क्रियाकलापों में दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूलता का संवर्धन करेगी ।

(6) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जलाशयों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभर प्रबंधन, भूजल प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलूओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(7) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे पार्को और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोद्यानों, झीलों और अन्य जलाशयों का अभ्यकंन करेगी; आंचलिक महायोजना के मानचित्र द्वारा विद्यमान और प्रस्तावित भूमि के उपयोग का विवरण किया जाएगा ।

(8) आंचलिक महायोजना स्थानीय समुदायों की जीविका सुरक्षित करने के लिए पारिस्थितिक अनुकूल विकास को सुनिश्चित करेगी ।

(9) आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना में दिए गए प्रावधानों के संबंध में अपने कार्यों के बाहर ले जाने के लिए मानीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज तैयार करेगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय.—**राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

(1) **भू-उपयोग.—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा :

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) के अधीन क्रं. सं. 9, सं. 11, सं. 20, सं. 33 और सं. 36 के सामने सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिक अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि ;

(ii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iii) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और सुदृढ़ करना;

(iv) वर्षा जल संचय; और

(v) कुटीर उद्योग, जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर भी हैं, :

परंतु यह और कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन और भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 तथा तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में उपसंजात कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में केवल एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी ।

IndiaCode

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि का संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा ।

परंतु यह और भी कि हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोत**.—आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे ।

(3) **पारिस्थितिक पर्यटन.—**(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर पारिस्थितिक पर्यटन महायोजना के अनुसार पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, जो आंचलिक महायोजना का भाग रूप में निम्नलिखित रूप में होंगे ।

(ख) पारिस्थितिक पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, महाराष्ट्र सरकार द्वारा राजस्व और वन विभाग, महाराष्ट्र सरकार के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शक सिद्धांतों के द्वारा तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, पारिस्थितिक पर्यटन, पारिस्थितिक शिक्षा और पारिस्थितिक विकास को महत्व देते हुए पारिस्थितिक संवेदी जोन की वहन क्षमता के अध्ययन पर आधारित होगा;

(ii) पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के संबंधित पर्यटकों के अस्थायी निवास के लिए आवासन के सिवाय पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर होटल और रिसार्ट के नए संनिर्माण गौटाला अत्रम वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर अनुज्ञात नहीं होंगे ;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकारियों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत.—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें परिरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगा ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल.—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान करनी होगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार करनी होगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण**.—पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियमों के अनुसार पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986, 2000 अंतर्गत तैयार करेगा ।

(7) **वायु प्रदूषण**.—पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण**.—पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण सामान्य मानकों के लिए पर्यावरणीय प्रदूषित आच्छादित के निस्सारण के अंतर्गत पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट.—**ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा -

(i) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. का.आ. 1357(आ), तारीख 8 अप्रैल, 2016 नगरपालिक ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) स्थानीय प्राधिकरण जैव निम्नीकरणीय और अजैव निम्नीकरणीय संघटकों में ठोस अपशिष्टों के संपृथक्कन के लिए योजनाएं तैयार करेंगे ;

(iii) जैव निम्नीकरणीय सामग्री को अधिमानतः खाद बनाकर या कृमि खेती के माध्यम से पुनःचक्रित किया जाएगा ;

(iv) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा और पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्टों को जलाना या भष्मीकरण अनुज्ञात नहीं होगा ।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**.—पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना जी.एस. आर 343(अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन.—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना जी.एस.आर. 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(12) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन.—**पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना जी.एस.आर. 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **यानीय परिवहन**.—परिवहन की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध अधिकथित किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति प्रवृत्त नियमों और विनियमों के अनुसार यानीय गतिविधियों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(14) औद्योगिक ईकाईयां.—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा विधि के अनुसार स्थापित विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योगों के सिवाए नहीं दी जाएगी ।

(ख) प्रस्तावित पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर जल, वायु या मृदा प्रदूषण कारित करने वाले किसी नए उद्योगों की स्थापना की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों की सूची.—पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :—

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप :		
1.	वाणिज्यिक खनन ।	(क) सभी नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां प्रतिषिद्ध होंगी । तथापि, वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना विद्यमान विनियमों के अनुसार अनुज्ञात होंगे । (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वथा होंगे ।
2.	नए उद्योगों के कारण प्रदूषण (जल, वायु, मिट्टी, ध्वनि, आदि) की स्थापना।	कोई नई या पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति दी जाएगी। हरित या श्वेत कृषि आधारित लघु उद्योगों सहित केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वर्गीकरण के रूप में वर्गीकृत उद्योगों को नियमों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
3.	नए बृहत जल विद्युत परियोजनों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जलाशयों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	कंपनियों, कॉर्पोरेट, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुओं और पोल्ट्री फार्मों की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
7.	आरा मीलों की स्थापना ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई या विद्यमान आरा मीलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
8.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
विनियमित क्रियाकलाप		
9.	होटलों और रिसोर्टों की स्थापना ।	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे : परन्तु वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार पर्यटन महायोजना के अनुरुप होगा ।

10.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र राष्ट्रीय पार्क की सीमा से 1 किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार के नए वाणिज्यिक संनिर्माण को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय व्यक्तियों को उनके आवासीय उपयोग के लिए उनकी भूमि में संनिर्माण जिसके अंतर्गत पैरा 3 में सूचीबद्ध क्रियाकलाप भी हैं, को करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा : परन्तु यह और कि प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योगों से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलापों को लागू नियमों और विनियमों के अनुसार, यदि कोई हों सक्षम प्रधिकारी की पूर्व अनुज्ञा से विनियमित किया जाएगा और न्यूनतम पर रखा जाएगा । (ख) एक किलोमीटर से परे आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित किया जाएगा।
11.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन से गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि, या कृषि आधारित उद्योग देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग और जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं अनुज्ञात होंगे ।
12.	वायु प्रदूषण ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार में मार्गदर्शक सिद्धांत और विनियम तैयार करेगा ।
13.	ध्वनि प्रदूषण ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के लिए राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियमों के अनुसार पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986, 2000 अंतर्गत तैयार करेगा ।
14.	बहिस्राव का निस्सारण ।	पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण सामान्य मानकों के लिए पर्यावरणीय प्रदूषित आच्छादित के निस्सारण के अंतर्गत पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार होगा ।
15.	ईट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार विनियमित (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
16.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार विनियमित होगी ।
17.	वन उत्पादों और गैर-काष्ठ वन उत्पादों (एन टी एफ पी) का संग्रहण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
18.	विद्युत और दूरसंचार टावरों और बिछाई गई केबलों और अन्य बुनियादी ढाँचों का परिनिर्माण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे और भूमिगत केबलों को प्रोत्साहित किया जा सकेगा ।
19.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देश विनियमित होंगे।
20.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण ।	लागू विधियों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, नियम और विनियमन और उपलब्ध दिशानिर्देश विनियमित होंगे।

21.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारों, हेलीकाप्टर, ड्रोन, आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
22.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
23.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
24.	स्थानीय समुदायों द्वारा लाई जा रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जल कृषि और मछली पालन।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
25.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण विनियमित होंगे।
26.	वाणिज्यिक सतह और भूमिगत जल की निकासी।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
27.	खुले कुआ, बोर कुआ, आदि के लिए कृषि और अन्य उपयोग।	विनियमित और उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा क्रियाकलापों की सख्ती से मानीटरी की जाएगी।
28.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
29.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
30.	पारिस्थितिक पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
31.	पोलिथीन बैगों का उपयोग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
32.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
संवर्धित क्रियाकलाप		
33.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
34.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
35.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
36.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
37.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग।	जैव गैस, सौर प्रकाश आदि को बढावा देना होगा।
38.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
39.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
40.	निम्नीकृत भूमि या वन आवास की बहाली।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
41.	पर्यावरणीय जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।
42.	समुदाय प्रकृति भंडार।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाए।

5. मानीटरी समिति.—(1) केंद्रीय सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति का गठन करेगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

(i)	जिला कलेक्टर, औरंगाबाद	—अध्यक्ष;
(ii)	जिला कलेक्टर का प्रतिनिधि, जलगांव	—सदस्य;
(iii)	जिला परिषद का प्रतिनिधि, औरंगाबाद	—सदस्य;
(iv)	जिला परिषद का प्रतिनिधि, जलगांव	—सदस्य;
(v)	राजस्व विभाग का प्रतिनिधि, महाराष्ट्र सरकार	—सदस्य;
(vi)	पर्यावरण (जिसके अंतर्गत विरासत संरक्षण भी है) के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों का महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट एक प्रतिनिधि -	—सदस्य;
(vii)	पारिस्थितिक और पर्यावरण के क्षेत्र में महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक विशेषज्ञ	—सदस्य;
(viii)	महाराष्ट्र राज्य जैव विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव / सदस्य	—सदस्य;
(ix)	क्षेत्रीय अधिकारी, महाराष्ट्र राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	—सदस्य;
(x)	ज्येष्ठ नगर योजना अधिकारी	—सदस्य;
(xi)	उप वन संरक्षक, वन्यजीव औरंगाबाद प्रभाग	—सदस्य;
(xii)	उप वन संरक्षक, जलगांव प्रभाग	—सदस्य;
(xiii)	उप वन संरक्षक, औरंगाबाद प्रभाग	—सदस्य सचिव ।

IndiaCode

निर्देश निबंधन :

(1) मानिटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी और मानीटरी समिति की अवधि तीन वर्ष की होगी ।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(3) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, और जो पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(4) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध कलक्टर या संरक्षित क्षेत्र का प्रभारी ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा।

(5) मानीटरी समिति मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(6) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्य जीव वार्डन को **उपाबंध IV** में उपबंधित रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(7) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

6. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।

7. भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, इस अधिसूचना के उपबंध होंगे ।

[फा. सं. 25/51/2014-ईएसजेड/आरई]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

गौटाला अत्रम घाट वन्यजीव अभयारण्य की सीमा का वर्णन

उत्तर	ग्राम खरादी का गट न. 58,1 से 6, 11, 20, 22, ग्राम विशनुनगर का गट न. 51,62, 54, 57, 3, 4, 5 ग्राम ओधरे का गट न. 138, 136 137, 191, 96, 97, 86, 95 ,94, 90, 85,99,101,84,83,104, ग्राम पटना का गट न. 272, 271, 273, 274, 257, 277, 278, 283, 284, 25, 293, 294, 295, 296, 303, 304, 305, 2, 1, 207, 209, 210, ग्राम वरथान का गट न. 177, 166 ग्राम चन्दीकावाडी का गट न. 6, 12, 16, 15, 14, 27, 35, 36, 108, 109, 110, 112, 113, 118, 117 ग्राम शिवपुर का गट न. 180, 183, 184, 185, 186, 131, 8, 120, 21, 119, 109, 110, 111, 107, 101, 100, 99, 97, ग्राम बोधरे का गट न. 42, 41, 40, 323, 45, 49, 48, 136, 132, 145, 165, 198, 199, 200, 206, 205, 202, 203, 225, 224, 242, 244, 253, 245, 251, 264, 266, 268, 269 ग्राम तलोदे का गट न. 111, 110, 109, 108, 50, 56, 55, 57, 52 ग्राम पथेरजी का गट नं. 81, 80, 87, 26, 27, 29, 28, 32, 15, 14, 13, 153, 147, 144, 143, ग्राम अम्बेहोल का गट न. 92, 93, 94, 164, 131, 132, 152, 1, 2, 34, 38, 63, 41, 42, 43, 45, 46, 47, 48, 50, 163, 3, ग्राम लोनजे का गट न. 96, 95, 91, 89, 84, 85, 35, 48, 50, 163, 3, ग्राम सोनागाँव का (एन. वी.) गट न. 92, 91, 81,90, 89, 87, 86, 85,18, 19, 20, 21, 15, 13, 12, ग्राम बानगाँव का गट 26, 25, 23, 22, 21,13,14, ग्राम वाघरी का गट न. 37, 38, 39, ग्राम हताले का गट न. 36, 207, 206, 204, 203, 202, 197, 199, 189, 219, 220, 168, 169, 170, 157 से 162, 231,152, 150, ग्राम वघाले का गट न. 24, 22, 23, 2 ग्राम कोनगानगर का गट न. 14 से 17 28, 27 ग्राम जावले का गट न. 81, 82, 79, 55, 56, 59, 60, 43 से 50 ग्राम चमभारदी खुर्द का वन कम्पार्टमेंट न. 315ए, ग्राम जमदी का प्रो

	बहल का गट न. 112 से 115, 109, 108, 101, 102, 103, 106, 64 से 68, चालीसगाँव का तहसील जलगाँव जिला का जलगाँव वन प्रभाग, ग्राम वडगाँव जहाँगिर का गट न. 24, 21, 22, 19, 2, 3, 5, 6, 7, 8, 45, 44, 26, 25, ग्राम हसनबाद का गट न. 46,44, ग्राम शिवतनदा का गट नं. 3, 5, ग्राम सायगवान का गट नं. 28, 214, 217, 216, 319, 320,295 से 301, 294, 27, 30,138, 130, 129, 83, 82, 85, 137, 140, 336, 337, 329, 328, 10 से 13, 22, 23, 24, 25, 28 से 31, 34, 35, 36, 275, 276, 277, ग्राम बोरमल तनदा का गट न. 63, 62, 27 से 29, 19, 18, ग्राम पनगरा का गट न. 49, 47, 46, 42, 43, 44, 24, 23, ग्राम लोनजा का गट न. 31, 30, 40, 54, 53, 49, 48, 47, ग्राम भोपेवाडी का गट न. 126, 125, 114, 101, 99, 102, 92, 79, 81, 82, 83 जिला औरंगाबाद कान्नद तहसील का औरंगाबाद वन प्रभाग ।
पूर्व	ग्राम दसतापुर का वन कम्पार्टमेंट न. 451, गट न. वन कम्पार्टमेंट न. 450, ग्राम शिपघाट का वन कम्पार्टमेंट न. 455, गट न 4, 3, 56, 57, 58, 51, 47, 46, 33 से 38, 25, 26, ग्राम नागापुर का गट न. 64,72, 73, 75, 76, 77, 78, 79, 53, 54, 55, 46, 39 से 43, 33, 16 से 19, 14, 277, ग्राम वादी चिमनापुर का गट न. 17, 24, 23, 22, ग्राम अम्बेगाँव खुर्द का गट न. 41 से 46, 55, 54, 5, 6, 8, ग्राम अम्बेगाँव बदरुक का गट न. 127, 123, 125, 122, 112, 115, 114, 74 से 78, 66, ग्राम सवरगाँव का गट न. 75, 77, 78, 79, 94 से 96, 132, 150,151,152,149, 9, 13,140 से 147,135 से 138, 129, 128, 112, 113, 124, 116 से 118, ग्राम अम्बरखेडा का गट न. 48, 49, 50, 53, 52, 63, 65, 51, ग्राम धामनी खुर्द का गट न. 67, 62, 68, 53, 50, 49, 48, 47, 46, 45, 36 ग्राम नागापुर का गट न. 205,199 से 203,195,185 से 191,177 से 180,171 से 174, ग्राम खटखेड़ा का गट न. 153, 150, 149, 148, 147, 146, 145, 144, वन कम्पार्टमेंट. न 76, ग्राम सखरवेल का गट न. 137, ग्राम वसादी का गट न. 164, 165, 167 से 169, 171, 172, 173, 175, 176, 181, 198, 199, 208, 209, 210, 211, 16, 17, 45, 46, 48, 49, 57, 56, 51, 55, 50, 47, 44, 43, 37, 19, 36, 33, 28, 27, 20, 21, 22, 26, 25, 575, 571, 569, 568, 435, 436, 378, 381, 382, 387, 426, 425, 427, 428, 429, 430, ग्राम मेहगाँव का गट न. 258, 12, 13, 264, 10, 82, 73, 75, 78, 279, 86, 88, 109, 106, 108, 134, 139, 95, 282, 203, 212, 187, 186, 184, 181 जिला औरंगाबाद कान्नद तहसील का औरंगाबाद वन प्रभाग ।
दक्षिण	ग्राम हसता का गट न. 78, 79, 82, 83, 30, 36, 43, 38, 37, 26, 27, 25, 23, 22, 1, 379, 358, 361, 354, 353, 327, 326, 324, 316, 312, 310, 311, 318, 308, 319, 320, 306, 302, 301, 300, 297, 298, 299, 244, 245, 248, 249, 252, 253, 231, 230, 221, 222, 224, 225, 226, वन कम्पार्टमेंट. न. 64, ग्राम हिवारखेडा खुर्द का वन कम्पार्टमेंट न. 167, गट न. 52 ग्राम कुंजखेडा का गट न. 71, 20,19,18, 22, 21,24,13, 25,11,10, 32, 33, 34, 35, 36, 40, 43, 45, 1, 2, 3, 122, 123, 118,

IndiaCode

	ग्राम दोभदी का गट न. 143, 144, 145, 147, 140, 135, 93, 97, 98, 80, 76, 75, ग्राम रिठी का गट न. 15, 17, 37, 36, 49 ,45, 44, 43, 41, 95, 94, 87, 82, 81, 80, 77, 78, 79, 64, 65, 63, 55, 56, 57, 58, 61, ग्राम कान्नद का गट न. 63, 18, 19, 23, 22, 27,115,116,118,121, ग्राम नरसिंगपुर का 27,28, ग्राम ब्रामनी गरदा का गट न. 3, 4, 5, 6, 104, 103, 105,106, 112, 118, 158, 124, 150, ग्राम हिवारखेडा गौटाला का गट न. 32, 31, 44, 45, 43, 47, ग्राम अन्धानियर का गट न. 96, 94, 93, 122, 124, 40, 41, 42, 24, ग्राम तेलवाडी का गट न. 61, 60, 49, 48, 47 ग्राम सतकुण्ड तनदा का गट न. 68, 69, 74, 75, 76, 78, 13, 8, 25, 27, 42, 53, 54, 52, 51, 81, 80, 82, 83, 84,1 ग्राम उपला का गट न. 39 से 43, 50, 35, 34, 33, 67, 68,142,147, 146, 191, 189, 187, 185, 184, 183, 186, 185, 156, 157, 158, 177,178, 179,180,181, ग्राम अम्बा का गट न. 63, 54, 53, 52, 50, 49, 47, 55, 44, 43, 42, 40, 41, 39, 78, 79, 80, 77, 76, 84, 231, 232, 233, 235, 242, 243, 241, 240, 252, 258, 225, 238, 236, 229, 228, 227, 226, 22388, 87,12,10,14,104, 108, 107, 106, 120, 126, 130, 131, ग्राम मदवाडी का गट न. 351, 350, 296, 295, 294, ग्राम जमदी घाट का गट न. 56, 54, 53, 41, 42, 43, 44, 33, 34, 35, ग्राम वादनियर का गट न. 48, 49, 8, 9, 10, 50, ग्राम वादनियर का तनदा गट न. 75, 76, 77, 1, 2, 3, 127, 128, 130, 131,132,133, ग्राम कालन्की का वन कम्पार्टमेंट न. 122, 120, गट न. 189, 188, 177, 176, 175, 174, 173, 166, 165, 1, 12, 13, 14, 15, 18, 23, 24, 25, 27, 30, 29, 28, 33, 34, 35, 37, 41, 42, 253, 255, 248, 250, 251, 247, 255, 232, 231, 230, 223, 224, 225, 226, 229, ग्राम तनदुलवाडी का वन कम्पार्टमेंट न. 325, ग्राम चिवाली गट न. 45, 44, 36, 37, 38, 2, 3, 5, 9, 18, 19, 20, 21, 25, 22, 23, जिला औरंगावाद कान्नद तहसील का औरंगाबाद वन प्रभाग । ग्राम गजरदरी का गट न. 13 से 23 जिला जलगाँव तहसील चालीसगाँव का जलगाँव वन प्रभाग।
पश्चिम	ग्राम राजदेहरे का वन कम्पार्टमेंट न. 2, 6, 8 और गट न 17, 20, 65, 67,62, 59, 57, 56, जिला जलगाँव तहसील चालीसगाँव का जलगाँव वन प्रभाग ।

उपाबंध – II

<u>गौटाला अत्रम वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची</u>

क्र. सं.	ग्राम के नाम	अक्षांश	देशांतर	क्र. सं.	ग्राम के नाम	अक्षांश	देशांतर
1	चिवाली	20° 16' 07.587"	74° 56' 52.270"	3	वदनेर तनदा	20° 16' 49.853"	75° 01' 01.079"
2	कालनकी	20° 16' 50.758"	74° 59' 25.137"	4	वदनेर	20° 16' 51.883"	75° 01' 49.613"

5	जमदी घाट	20° 16' 53.830"	75° 02' 27.619"	20	नन्दगिरवाडी	20° 15' 57.154"	75° 13' 08.579"
6	अम्बा	20° 17' 39.994"	75° 02' 01.483"	21	हसता	20° 17' 13.487"	75° 13' 33.159"
7	अम्बाला	20° 18' 29.151"	75° 00' 54.364"	22	तपोवन	20° 19' 17.195"	75° 12' 22.022"
8	उपला	20° 18' 33.277"	75° 03' 53.356"	23	निमभोरा	20° 19' 05.054"	75° 13' 44.611"
9	भामबरवाडी	20° 19' 19.308"	75° 04' 22.808"	24	मेहेगाँव	20° 17' 26.965"	75° 15' 32.397"
10	सतकुण्ड तनदा	20° 18' 16.086"	75° 06' 11.571"	25	वसदी	20° 18' 23.188"	75° 15' 20.871"
11	अन्धानेर	20° 17' 55.963"	75° 06' 52.687"	26	धमनी बी के	20° 20' 20.421"	75° 15' 12.846"
12	हिवरखेडा	20° 17' 49.159"	75° 07' 44.224"	27	सवरगाँव	20° 21' 07.626"	75° 13' 51.304"
13	गौताला	20° 18' 31.969"	75° 08' 27.759"	28	अम्बरखेडा	20° 21' 20.004"	75° 13' 03.809"
14	ब्रमभानी गरदा	20° 18' 09.585"	75° 09' 02.454"	29	अम्बेगाँव के डी	20° 22' 24.644"	75° 14' 36.967"
15	रिठी	20° 16' 21.762"	75° 09' 53.612"	30	वदीचीमनापुर	20° 22' 42.304"	75° 14' 36.836"
16	मोहरदा	20° 15' 39.934"	75° 10' 10.902"	31	चिमनापुर	20° 23' 12.708"	75° 14' 44.221"
17	कसाबे कन्नाद	20° 15' 16.193"	75° 10' 09.918"	32	खोलापुर	20° 24' 17.404"	75° 15' 03.062"
18	दोभादी	20° 15' 00.390"	75° 10' 39.284"	33	शपघाट	20° 24' 11.500"	75° 15' 28.862"
19	कुंजखेडा	20° 15' 09.631"	75° 11' 38.868"	34	कलदरी	20° 25' 02.990"	75° 14' 29.358"

IndiaCode


35	भोपेवाडी	20° 26' 01.101"	75° 13' 30.380"	51	जवाले	20° 26' 19.769"	75° 07' 56.504"
36	लोनजा	20° 25' 38.504"	75° 12' 12.638"	52	कोनगानगर	20° 26' 16.830"	75° 07' 31.351"
37	बोरमल तनदा	20° 26' 11.804"	75° 11' 19.149"	53	वगहाले	20° 25' 50.235"	75° 07' 16.929"
38	वडगाँव	20° 25' 56.679"	75° 10' 46.479"	54	हताले	20° 25' 16.356"	75° 06' 47.346"
39	हरसवाडी	20° 24' 36.171"	75° 10' 56.470"	55	बनगाँव	20° 24' 44.486"	75° 05' 50.821"
40	साईगवान	20° 23' 48.701"	75° 09' 36.058"	56	सोनगाँव	20° 24' 03.823"	75° 06' 15.156"
41	हसनाबाद	20° 25' 07.207"	75° 07' 19.619"	57	लोनजे	20° 23' 17.114"	75° 06' 43.050"
42	शिव तनदा	20° 22' 32.733"	75° 07' 27.893"	58	अम्बेहोल	20° 21' 37.057"	75° 06' 21.041"
43	भिलदरी नागड	20° 21' 38.622"	75° 08' 42.070"	59	पथराजे	20° 21' 10.224"	75° 05' 34.445"
44	मेहुन पुरनवाडी	20° 22' 05.944"	75° 12' 01.426"	60	तलोदे	20° 21' 01.074"	75° 04' 51.215"
45	रामपुरवाडी	20° 21' 55.550"	75° 12' 14.966"	61	बोधरे	20° 22' 15.200"	75° 02' 46.520"
46	अम्बरखेडा तनदा	20° 22' 11.388"	75° 13' 12.201"	62	शिवपुर	20° 21' 23.912"	75° 01' 39.657"
47	पंगरा	20° 26' 36.126"	75° 11' 24.817"	63	चन्डीका वाडी	20° 21' 00.480"	74° 59' 56.280"
48	खटखेडा	20° 19' 59.885"	75° 15' 37.719"	64	पटना	20° 20' 47.274"	74° 57' 42.388"
49	अम्बेगाँव बी के	20° 22' 03.090"	75° 14' 32.444"	65	ओधरे	20° 20' 37.329"	74° 56' 32.841"
50	जमदी	20° 26' 22.380"	75° 08' 53.277"	66	विश्वुनगर	20° 20' 30.252"	74° 55' 37.314"

IndiaCode

67	खरदी	20° 20' 16.572"	74° 54' 44.776"	69	गुजरदरी	20° 16' 37.076"	74° 56' 13.395"
68	राजदेहरी	20° 19' 43.811"	74° 54' 21.091"	70	जुनूने	20° 19' 21.256"	75° 02' 35.133"

उपाबंध III

मुख्य अवस्थानों के निर्देशांकों के साथ गौटाला अत्रम वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र



गौटाला अत्रम वन्यजीव अभयारण्य के भू-निर्देशांकों का विवरण

क्र. सं.	अक्षांश	देशांतर
ए	20° 18' 32.891"	74° 55' 21.574"
बी	20° 20' 30.381"	74° 58' 12.075"
सी	20° 22' 02.199"	75° 02' 41.731"
डी	20° 22' 32.601"	75° 07' 47.408"
ई	20° 25' 58.293"	75° 07' 30.823"
एफ	20° 24' 23.616"	75° 08' 14.501"

जी	20° 25' 41.547"	75° 13' 47.898"
एच	20° 18' 34.597"	75° 15' 05.672"
आई	20° 16' 53.921"	75° 09' 45.727"
जे	20° 18' 56.024"	75° 03' 20.618"

गौटाला अत्रम वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिक संवेदी जोन के भू-निर्देशांकों का विवरण

क्र. सं.	अक्षांश	देशांतर
1	20° 18' 50.721"	74° 53' 47.744"
2	20° 20' 50.067"	74° 56' 26.805"
3	20° 21' 07.705"	74° 59' 44.878"
4	20° 21' 30.551"	75° 04' 15.505"
5	20° 22' 25.158"	75° 07' 06.770"
6	20° 25' 43.750"	75° 05' 39.518"
7	20° 27' 29.787"	75° 08' 30.451"
8	20° 23' 04.601"	75° 08' 49.090"
9	20° 26' 32.968"	75° 13' 49.947"
10	20° 24' 02.804"	75° 16' 08.767"
11	20° 21' 44.300"	75° 13' 17.557"
12	20° 18' 55.136"	75° 16' 32.011"
13	20° 17' 18.403"	75° 13' 04.041"
14	20° 14' 00.173"	75° 13' 14.537"
15	20° 14' 46.286"	75° 10' 32.602"
16	20° 17' 00.631"	75° 07' 47.932"
17	20° 18' 15.561"	75° 04' 15.139"
18	20° 16' 17.365"	75° 02' 51.071"
19	20° 15' 42.415"	74° 56' 48.634"
20	20° 17' 06.070"	74° 53' 49.594"

IndiaCode

उपाबंध IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना ।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए कार्यवाही किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 9th December, 2016

S.O. 3996(E).—WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 1558(E), dated the 12th June 2015, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public on the 12th June 2015;

AND WHEREAS, no objections and suggestions were received from persons and stakeholders in response to the draft notification;

AND WHEREAS, the **Gautala Autramghat Wildlife** Sanctuary is situated in Aurangabad and Jalgaon Districts of Maharashtra between 20° 14' 00" to 20° 27' 29.787" North Latitude and 74° 53' 30.782" to 75° 16' 40" East Longitude and extends over an area of 260.61 square kilometres;

AND WHEREAS, the Gautala Autramghat Wildlife Sanctuary is an important conservation unit in Aurangabad and Nashik region of Maharashtra State and harbours more than 30 species of mammal including schedule I species like Wolf (*Canis lupus pallipes)*, Leopard (*Panthera pardus)*, Sloth Bear (*Melursus ursinus)*, Black Buck (*Antilope cervicapra)*, Four Horned Antelope (*Tetracerus quadricornis)*, more than 210 species of birds including 20 species of migratory status and a variety of reptiles, amphibians, fishes etc;

AND WHEREAS, it is necessary to conserve and protect the area, the extent and boundaries of which are specified in paragraph 1 of this notification around the protected area of Gautala Autramghat Wildlife Sanctuary as Eco-sensitive Zone from ecological and environmental point of view and to prohibit industries or class of industries and their operations and process in the said Eco-sensitive Zone;

NOW THEREFORE, in exercise of the power conferred by sub-section(1) and clauses (v) and (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act 1986 (29 of 1986), read with sub- rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, the Central Government hereby notifies an area to an extent of up to one kilometer from the boundary of Gautala Autramghat Wildlife Sanctuary in the State of Maharashtra as the

Gautala Autramghat Wildlife Sanctuary Eco- sensitive Zone (hereinafter referred to as the Eco-sensitive Zone), details of which are as under, namely:-

1. Extent and Boundaries of Eco-sensitive Zone.—(1) The Eco-Sensitive Zone is spread over an area of 483.45 square kilometres with an extent of up to one kilometre from the boundary of Gautala Autramghat Wildlife Sanctuary and the boundary description of the said Zone is given in **Annexure I**.

(2) The Eco-sensitive Zone is spread across 70 villages in Aurangabad and Jalgaon Districts in Maharashtra.

(3) The list of the villages falling within Eco-sensitive Zone is appended as **Annexure II.**

(4) The map of the Eco-sensitive Zone along with latitudes and longitudes is appended as **Annexure III.**

